# श्रृंखला फतह करने के इरादे से उतरेगी कोहली सेना

कटक, 18 जनवरी (भाषा)।

मुश्किल लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज करने वाली आत्मविश्वास से भरपूर भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच के जरिये श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश में होगी।

पहले एकदिवसीय में लक्ष्य का पीछा करने में माहिर विराट कोहली ने मोर्चे से अगुआई करके 300 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल करके भारत को करिश्माई जीत दिलाई। कोहली ने खुद 17वां वनडे शतक जड़ा। उनका बखूबी साथ दिया केदार जाधव ने जिसने 65 गेंद में शतक पूरा किया।

भारत एकमात्र टीम है जिसने तीन बार 350 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज की और तीनों बार कोहली ने शतक जमाया। पिछले मैच में हालांकि टीम की जीत के नायक जाधव साबित हुए जिन्होंने इंग्लैंड के कप्तान ईयोन मोर्गन समेत सभी को चौंका दिया।


मोर्गन ने मैच के बाद कहा कि हमने वैकल्पिक रणनीति अपनाई और विराट को निशाना बनाया लेकिन हमें जाधव की पारी का अंदेशा नहीं था। भारत के रन तेजी से बनते रहे और उन्हें विकेट से मदद मिली। बाराबती स्टेडियम पर भारत का रेकार्ड अच्छा रहा है और यहां 15 वनडे में से भारत ने 11 जीते हैं। भारत की जीत में एकमात्र कमी महेंद्र सिंह धोनी और युवराज सिंह की खराब फार्म रही। इस दौरान सभी की नजरें युवराज पर टिकी होंगी जो 300वें वनडे मैच से सिर्फ छह मैच दूर हैं।

भारत की गेंदबाजी पहले मैच में औसत रही लेकिन मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कोहली ने कहा कि पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह थी। आर अश्विन का प्रदर्शन भी औसत रहा लेकिन टीम प्रबंधन को बखूबी इल्म है कि वह किसी भी समय फार्म में लौट सकता है। उनके पास बैक अप स्पिनर अमित मिश्रा हैं।

इंग्लैंड को अगले दो मैच जीतने के लिए करिश्माई प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में लौटे कप्तान मोर्गन पर गेंदबाजों से अच्छा प्रदर्शन कराने का दबाव होगा। क्रिस वोक्स और डेविड विले को मिले शुरुआती विकेटों के अलावा इंग्लैंड का आक्रमण धारहीन दिखा और गेंदबाजों ने काफी फालतू रन भी दिए।

बेन स्टोक्स ने 40 गेंद में 62 रन बनाए लेकिन गेंदबाजी में 73 रन दे डाले। केदार और कोहली की साझेदारी के दौरान 25 ओवर तक इंग्लैंड को विकेट नहीं मिला। कोहली पर अंकुश लगाने का कोई तरीका इंग्लैंड खेमे को नजर नहीं आ रहा। पांच मैचों की टैस्ट श्रृंखला 0-4 से गंवाने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने का उन पर भारी दबाव है।

बाराबती स्टेडियम पर पिछला वनडे दो नवंबर 2014 को खेला गया था जब भारत ने पांच विकेट पर 363 रन बनाकर श्रीलंका को 169 रन से हराया था। भारत ने यहां पांच अक्तूबर 2015 को टी-20 मैच खेला था जिसमें टीम 92 रन पर सिमट गई और छह विकेट से पराजय झेलनी पड़ी थी।



अभ्यास के दौरान गेंदबाजी करते महेंद्र सिंह धोनी।

## चाक चौबंद हुआ बाराबती स्टेडियम

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजंसी/जनसत्ता)।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अक्तूबर 2015 में खेले गए टी-20 मैच के दौरान प्रशंसकों के बुरे बर्ताव से सबक लेकर भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए बाराबती स्टेडियम में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। मैच आयोजक पिच और मैदान के साथ ही स्टेडियम के बाहर और पवेलियन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हैं। स्टेडियम में कैमरों की संख्या बढ़ाने से लेकर दर्शक दीर्घा में जाल लगाने का काम किया जा रहा है।

दरअसल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए टी-20 मैच के दौरान दर्शकों ने मैदान पर बोतलें फेंकी थीं जिसकी वजह से दो बार मैच को रोकना पड़ा था। दर्शकों के ऐसा बर्ताव लगभग सोलह साल बाद देखने को मिला था जिसके बाद मैच आयोजकों की खासी बदनामी हुई थी। सूत्रों की मानें तो इस घटना से सीख लेते हुए आयोजकों ने सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा दी है। साथ ही प्रवेश के समय किसी तरह का बोतल ले जाना वर्जित कर दिया गया है। यहां तक पानी का बोतल पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। दर्शकों को सीट पर ही पानी दी जाएगी। एक स्टैंड को छोड़कर बाकी सभी में जाल की दीवार बनाई जाएगी। साथ ही उसकी ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी ताकि कोई भी कुछ सामान मैदान में न फेंके।

बाराबती स्टेडियम की सुरक्षा में लगे एक जवान ने बताया कि इस बार लगभग पंद्रह सौ जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछली बार लगे 67 कैमरों की जगह इस बार लगभग 120 कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही एक कैमरा मैदान पर इस तरह से लगाया जाएगा जिससे चारो तरफ नजर रखी जा सके। इस मैच को लेकर मैदानकर्मी भी खूब मेहनत कर रहे हैं।

# खिलाड़ियों को नहीं भाया तटस्थ स्थानों पर रणजी मैचों का आयोजन

नई दिल्ली, 18 जनवरी (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड का रणजी मैचों का तटस्थ स्थानों पर आयोजित करने का पहला प्रयास बुरी तरह विफल रहा और कई शीर्ष घरेलू खिलाड़ियों के अनुसार मेजबान संघों की उदासीनता और खराब योजना के कारण यह व्यवस्था नहीं चल पाई।

बीसीसीआइ ने प्रतियोगिता को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए यह फार्मूला अपनाया था ताकि टीम घरेलू मैदानों पर मिलने वाले फायदे का लाभ नहीं उठा सकें और उन्हें अलग-अलग परिस्थितियों में खेलने का अनुभव हासिल हो। घरेलू क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ी रजत भाटिया ने कहा कि यह विचार अच्छा था लेकिन उसके लागू करने का तरीका बेहद खराब था। अधिकतर मेजबान संघों ने दूसरी टीमों के मैचों के आयोजन में दिलचस्पी नहीं दिखाई। सुविधाएं काफी खराब थी चाहे वह हमें अच्छा विकेट देने की बात हो या पर्याप्त गेंदें और बढ़िया भोजन की। इसे बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था।

दिल्ली का यह क्रिकेटर तीन राज्यों के लिए खेल चुका है अभी राजस्थान की टीम से जुड़ा है। पारिवारिक कारणों से इस सत्र में केवल चार मैच खेलने वाले भाटिया ने इस व्यवस्था की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि टीमों को घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाने से रोकने के लिए यह व्यवस्था लाई गई थी क्योंकि पिछले मैच दो दिन के अंदर समाप्त हो जाते थे लेकिन गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ भले ही मैच तटस्थ स्थानों पर खेले जा रहे थे।

भाटिया ने कहा कि असम के खिलाफ विजाग में हमारे मैच को ही लीजिए। विकेट प्रथम श्रेणी मैच के अनुकूल नहीं था और इसलिए मैच तीन दिन के अंदर समाप्त हो गया। और ऐसा एक अंतरराष्ट्रीय मैच से केवल दो सप्ताह पहले हुआ। जब हमने मैदानकर्मियों से पूछा कि हमें इतना खराब विकेट क्यों दिया गया था तो उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था। उस मैच में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा। पंकज सिंह ने नौ विकेट लिए और राजस्थान ने तीन दिन के अंदर पारी और आठ रन से जीत दर्ज की।

# साइना ने मलेशिया मास्टर्स में दर्ज की जीत

सरावक, 18 जनवरी (भाषा)।

शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और अजय जयराम ने बुधवार को यहां क्रमशः महिला और पुरुष एकल वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने सत्र के शुरुआती मलेशिया मास्टर्स ग्रां प्री गोल्ड के प्रीक्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

शीर्ष वरीय साइना घुटने की सर्जरी से उबरने के बाद आत्मविश्वास बढ़ाने के लिहाज से जीत दर्ज करने के लिए बेताब हैं। उन्होंने थाईलैंड की चासिनी कोरेपाप पर एकतरफा मुकाबले में 21-9, 21-8 से शिकस्त दी। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाली यह 26 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल ओलंपिक से तुरंत पहले अपना घुटना चोटिल करा बैठी थी। अब साइना का सामना हन्ना रामदिनी से होगा।

छठे वरीय जयराम प्रीमियर बैडमिंटन लीग में शानदार फार्म में थे, उनहोंने शुरुआती दौर में मलेशिया के जुओ हाओ लियोंग को 21-10, 17-21, 21-14 से हराने के बाद दूसरे मैच में इंडोनेशिया के सपुत्र विकी एंगा को 21-9, 21-12 से मात दी। अब दुनिया के 19वें नंबर के इस भारतीय का सामना चीनी ताइपे के सुए सुआन यि से होगा।



हेमंत एम गौड़ा को पुरुष एकल के एक अन्य मैच चुन वेई चेन से 5-21, 19-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में मनु अत्री और ज्वाला गुट्टा की नई जोड़ी ने लुखी अप्री नुग्रोहो और रिरिन अमेलिया की इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-19, 21-18 से जबकि अर्पणा बालन और प्राजक्ता सावंत की महिला युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के एगिस्ना फाथकुल लैली और प्रिलसासी पुत्री लेजारसार वारिएला की जोड़ी को 21-10, 21-11 से मात दी।

प्राजक्ता ने अपने मलेशियाई जोड़ीदार योगेंद्रन कृष्णन के साथ मिलकर मिश्रित युगल के अगले दौर में जगह बनाई, जिन्होंने हांगकांग की ही चुन माक और येयुंग नगा टिंग को 21-14, 22-20 से पराजित किया। हालांकि बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा को इंडोनेशिया की टोंटोवी अहमद और ग्लोरिया मैनुएले विदजाजा की छठी वरीय जोड़ी से 17-21, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा।

केपी श्रुति और हरिथा मनाजियिल हरिनारायणन को मेई कुआन चोऊ और विवियन हू की मलेशियाई जोड़ी से 9-21, 13-21 से जबकि सतविकसाईराज रैंकिरेड्डी और मनीषा के को ताम चुन हेई और एन सेज याऊ की हांगकांग की जोड़ी को 10-21, 14-21 से शिकस्त मिली।

# पैरालंपिक विजेताओं को नकद पुरस्कार देंगे सेबेस्टियन

नई दिल्ली, 18 जनवरी (भाषा)।

भारतीय व्यवसायी मुकाट्टू सेबेस्टियन ने पैरालंपियन दीपा मलिक और देवेंद्र झझारिया को 2016 रियो पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। भाला फेंक झझारिया और ऊंची कूद के खिलाड़ी टी मरियप्पन के लिए पांच लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई जिन्होंने रियो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे।

सेबेस्टियन चार दशकों से संयुक्त अरब अमीरात में बसे हुए हैं, उन्होंने रियो में रजत पदक जीतने वाली चक्का फेंक एथलीट दीपा के लिए तीन लाख और कांस्य पदक जीतने वाले ऊंची कूद के खिलाड़ी वरुण सिंह भाटी के लिए दो लाख रुपए की घोषणा की।

# इस साल की हॉकी इंडिया लीग मेरे लिए नई शुरुआत : लकड़ा

नई दिल्ली, 18 जनवरी (भाषा)।

चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करने वाले भारतीय डिफेंडर बीरेंद्र लकड़ा ने कहा कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) उनके लिए नई शुरुआत करेगी।

लकड़ा रांची रेज टीम में कोथाजीत सिंह, फर्गुस कवाना और टिमोथी डिविन के साथ रक्षात्मक पंक्ति की जिम्मेदारी निभाएंगे। लकड़ा ने कहा कि मैं चुनौती के लिए तैयार हूं। इस साल की कोल इंडिया एचआइएल मेरे लिए नई शुरुआत करेगी और मैं इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं।

वह चोट के कारण रियो ओलंपिक में भी भाग नहीं ले पाए थे और इसके कारण पिछले साल छह महीने तक हॉकी से बाहर रहे। लकड़ा ने पिछले साल अक्तूबर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में मजबूत वापसी की। उन्होंने कहा कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और आस्ट्रेलियाई दौरे में परिणाम मेरे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद कड़े मुकाबलों में खेलने का आत्मविश्वास हासिल करने में थोड़ा समय लगता है।

> “मैं चुनौती के लिए तैयार हूं। इस साल की कोल इंडिया एचआइएल मेरे लिए नई शुरुआत करेगी और मैं इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और आस्ट्रेलियाई दौरे में परिणाम मेरे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा है। - बीरेंद्र लकड़ा




लकड़ा ने कहा कि लेकिन टीम के साथियों, फिजियो और कोचों ने मेरा काफी आत्मविश्वास बढ़ाया और इस मुश्किल दौर में मुझे प्रेरित किया। हॉकी इंडिया ने भी सर्वश्रेष्ठ उपचार सुनिश्चित कराकर मुझे महत्वपूर्ण होने का अहसास कराया।

# टी-20 मैच के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम

कानपुर, 18 दिसंबर (भाषा)।

भारत और इंग्लैंड के बीच 26 जनवरी को ग्रीन पार्क में होने वाले पहले टी-20 क्रिकेट मैच के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। खिलाड़ियों के ठहरने वाले होटल से लेकर ग्रीन पार्क तक करीब आधे किलोमीटर के लंबे रास्ते पर चप्पे चप्पे पर पुलिस सुरक्षा बल तैनात रहेगी। पुलिस की यह तैनाती 23 जनवरी को दोनो टीमों के आने से लेकर 27 जनवरी दोनों टीमों के जाने तक रहेगी।

कानपुर पुलिस के एसएसपी आकाश कुलहरी के मुताबिक मैच की सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।


**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
**Indian Overseas Bank**
www.iob.in केन्द्रीय कार्यालय: 763, अण्णा सालै, चेन्नै-600 002

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि 31 दिसंबर 2016 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के अलेखापरीक्षित (समीक्षित) वित्तीय परिणामों पर विचार करने व अनुमोदन देने के लिए बैंक के निदेशक मंडल की बैठक 24 जनवरी, 2017 को चेन्नै में होनी है।

स्थान: चेन्नै
दिनांक: 18.01.2017
आर. सुब्रमण्यकुमार
कार्यपालक निदेशक अतिरिक्त प्रभार एम.डी. व सी.ई.ओ.

**DFM FOODS LTD.**
CIN: L15311DL1993PLC052624
Regd. Office: 8377, Roshanara Road, Delhi-110007
Tel: 011-23826445 Fax: 011-23822409
Email: dfm@dfmgroup.in Website: www.dfmfoods.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, the 2nd day of February, 2017 to consider and take on record the Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended on 31st December, 2016.

For further details, please visit the websites of the Company (www.dfmfoods.com), BSE Limited (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Ltd. (www.nseindia.com)

Place: Delhi
Dated: 18th January, 2017
For DFM Foods Ltd.
Sd/-
(Raju Singh Tomer)
Company Secretary

**भारत सीट्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय: डी-188, ओखला इंड. एरिया, फेज-I, नई दिल्ली- 110020
Phones: +91 9643339870-74,
Fax: 0124-2341188
E-mail: seats@vsnl.net,
WEBSITE: www.bharatseats.com
CIN: L34300DL1986PLC023540

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक गुरुवार, 19 जनवरी, 2017 को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषयों के साथ ही 31 दिसंबर, 2016 को समाप्त तिमाही/ नौ महीने के लिए कंपनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे।

उपरोक्त सूचना वेबसाईट: www.bharatseats.com तथा www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

भारत सीट्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
स्थान: गुरुग्राम
तिथि: 11.01.2017
रीतू बक्शी
कंपनी सचिव

**MSTAR SEMICONDUCTOR INDIA PVT. LTD.**
LEVEL 5, SB Tower, Plot No.-1A/1, Sector- 16A, Film City, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh - 201301
CIN : U72300UP2015FTC072334
Telephone No. : 0120-4804900,
Email: chienya.lin@mstarsemi.com

*[Pursuant to rule 30 the Companies (Incorporation) Rules, 2014]*

Before the Central Government
Regional Director, Northern Region
Ministry of Corporate Affairs, New Delhi
Company Application / Petition No...of 2017

In the matter of the Companies Act, 2013, Section 13(4) of Companies Act, 2013 and Rule 30(6)(a) of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

AND

In the matter of MSTAR SEMICONDUCTOR INDIA PRIVATE LIMITED having its registered office at Level 5, SB Tower, Plot No. 1A/1, Sector 16A, Film City, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh – 201301, Petitioner.

**NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on 10.01.2017 to enable the company to change its Registered office from "State of Uttar Pradesh" to "National Capital Territory of Delhi".

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the the Regional Director (Northern Region), B-2 Wing, 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi - 110003 within Fourteen days from the date of publication of this notice with a copy of the applicant company at its registered office at the address mentioned below:

Mstar Semiconductor India Private Limited
Level 5, SB Tower, Plot No. 1A/1, Sector 16A, Film City, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh - 201301

For and on behalf of the Board
Mstar Semiconductor India Private Limited
Sd/-
Sushil Kumar Agarwal
Director
DIN: 00005261
Date : 18.01.2017
Place: Noida

**KEI केईआई इंडस्ट्रीज लि.**
पंजी. कार्यालय: डी-90, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नई दिल्ली-110020
CIN: L74899DL1992PLC051527
Tel: +91-11-26818840/8642,
Fax: +91-11-26811959/7225
Website: www.kei-ind.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29, विनियमन 33 तथा विनियमन 47 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू होने वाले अन्य प्रावधानों के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक गुरुवार, 2 फरवरी, 2017 को होटल "द ललित", बाराखम्बा एवैन्यू, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 में सायं 4 बजे में आयोजित की जाएगी जिसमें 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त तीसरी तिमाही तथा नौ महीने के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर अन्य विषयों के साथ विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे।

पुनः कम्पनी द्वारा निर्मित इंसाइडर्स द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन, निगरानी तथा रिपोर्ट के लिए आचार संहिता के साथ पठित सेबी (इंसाइडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन, 2015 के अनुपालन में कम्पनी के ट्रेडिंग विंडो कम्पनी के सभी निदेशकों/अधिकारियों/ विनिर्दिष्ट कर्मचारियों के लिए 25 जनवरी, 2017 से 6 फरवरी, 2017 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगे।

विस्तृत विवरणों के लिए निदेशक कंपनी की वेबसाईट (www.kei-ind.com) तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com तथा www.nseindia. com) देखें।

केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
(अनिल गुप्ता)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
DIN: 00006422
स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 17.01.2017

**इंडियन टोनर्स एंड डेवलपर्स लि.**
(CIN No.L74993UP1990PLC015721)
पंजी. कार्यालय: 10.5 कि.मी. माइलस्टोन, रामपुर-बरेली रोड, रामपुर-244901 (उ.प्र.)
E-mail ID- info@indiantoners.com,
Website: www.indiantoners.com
Phone No. 0595-2356271
Fax: 0595-2356273

**सूचना**

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 (1) (ए) के साथ पठित विनियमन 29 (1) (ए) के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक नई दिल्ली में शनिवार, 4 फरवरी, 2017 को 11.30 पूर्वा. में आयोजित की जाएगी जिसमें 31 दिसंबर, 2016 को समाप्त तिमाही/ नौ महीने के लिए कंपनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे। यह सूचना कंपनी स्टॉक एक्सचेंज जहां कंपनी के इक्विटी शेयर्स सूचीबद्ध हैं, की वेबसाईट अर्थात www.indiantoners.com तथा www.bseindia.com क्रमशः पर उपलब्ध हैं।

इंडियन टोनर्स एंड डेवलपर्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 18.1.2017
एस.सी. सिंघल
कंपनी सचिव

**इंडियन ओवरसीज बैंक**
70, गोल्फ लिंक्स नई दिल्ली- 110003
फैक्स: 91-11-24634703, फोन: 99-11-24619078

**कब्जा सूचना (प्लांट एवं मशीनरी)**

**जैसा कि,** वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 27.7.2016 (जो मांग सूचना के रूप में 8.10.2016 को 2 समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी तथा मांग सूचना अन्डेलिवर्ड वापस लौट आई) जारी कर ऋणधारक मै. बिग बैकर्स इंडिया प्रा.लि., ई-4ए, यूपीएसआईडीसी साईट-बी, सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश (यहां के बाद 'ऋणधारक' के रूप में वर्णित) को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 30.6.2016 को रु. 59,49,434.00 (रुपए उन्सठ लाख उन्चास हजार चार सौ चौंतीस मात्र) तथा वसूली की तिथि तक अनुबंधित दरों पर आगे का ब्याज, चार्जेज आदि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

1) ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 13 जनवरी, 2017 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित (प्लांट) एवं मशीनरी, फर्नीचर तथा साजो सामान का कब्जा कर लिया है।

2) विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे इन प्लांट एवं मशीनरी, फर्नीचर तथा साजो-सामान का व्यवसाय न करें तथा इन प्लांट एवं मशीनरी, फर्नीचर तथा फिक्चर्स का किसी भी तरह का व्यवसाय 30.6.2016 को रु. 59,49,434.00 (रुपए उन्सठ लाख उन्चास हजार चार सौ चौंतीस मात्र) तथा मांग सूचना जारी करने के बाद यदि कोई भुगतान किया गया हो, उसे घटाकर मांग सूचना में वर्णित तिथि से भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रेट्स पर उस पर आगे के ब्याज, चार्जेज की राशि के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक के चार्ज के अधीन होगा। कब्जा लेने की तिथि को देय बकाया राशि रु. 64,32,160.00 (रुपए चौंसठ लाख बत्तीस हजार एक सौ साठ मात्र) के साथ भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों एवं रेस्ट्स पर आगे का ब्याज तथा चार्जेज आदि की राशि है।

3) ऋणधारकों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रति आकृष्ट की जाती है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

ई-4ए, यूपीएसआईडीसी, साईट-बी, सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा, उ.प्र. में संस्थापित/ रखी गई प्लांट एवं मशीनरी, फर्नीचर तथा साजो सामान का सभी भाग तथा हिस्सा।

हस्ता./-
तिथि: 13.1.2017
स्थान: नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
(इंडियन ओवरसीज बैंक)

IndiGo

**इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड**
सीआईएन: एल62100डीएल2004पीएलसी129768
**पंजीकृत कार्यालय:** सेन्ट्रल विंग, ग्राउंड फ्लोर, थापर हाउस, 124, जनपथ, नई दिल्ली – 110 001, भारत
**टेलीफोन:** +91 11 6500 0428; **फैक्स:** +91 11 4351 3200
**ई-मेल:** investors@goindigo.in **वेबसाइट:** www.goindigo.in

**सूचना**

एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक, अन्य तथ्यों के साथ 31 दिसम्बर 2016 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों, जो कि वैधानिक लेखापरीक्षक के सीमित अवलोकन पर निर्भर है, पर विचार एवं अभिलेखबद्ध करने हेतु मंगलवार, 31 जनवरी 2017 को आयोजित की जाएगी।

उपरलिखित बैठक से सम्बंधित विवरण कंपनी की वेबसाइट **www.goindigo.in** तथा स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.nseindia.com** तथा **www.bseindia.com** पर उपलब्ध है।

वास्ते **इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड**
हस्ता/-
**संजय गुप्ता**
कंपनी सचिव तथा मुख्य अनुपालन अधिकारी
स्थान : गुड़गाँव
दिनांक : 18 जनवरी, 2017

**नियुक्तियां**

**इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड**
CIN: U61100MH2015GOI261274

विदेशी बंदरगाह परियोजनाओं के निष्पादन के लिए **जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट** और **कांडला पोर्ट ट्रस्ट** द्वारा स्थापित **इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड**, निम्न दिये गए पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करते है।

**डिप्टी मैनेजर** – (लेखा),
**डिप्टी मैनेजर** – (प्रशासन) और
**मैनेजर** – (ऑपरेशन एवं सेवाएं)

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **19 फरवरी 2017** हैं।

विवरण के लिए **http://www.jnport.gov.in / kandlaport.gov.in / ipa.nic.in** में लॉग-इन करें।

**भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड**
***The Shipping Corporation Of India Ltd.***
(भारत सरकार का उद्यम / A Government of India Enterprise)
SCI Navratna Company ISO 9001 - 2008 Company
Fleet Personnel Dept., Shipping House, 245 Madame Cama Road, Nariman Point, Mumbai - 400 021 • Website: www.shipindia.com • Twitter: @shippingcorp • CIN-No.: L63030MH1950GOI008033

संविदा आधार पर करियर अवसर - 23/01/2017 को वॉक-इन इंटरव्यू
**CAREER OPPORTUNITIES ON CONTRACT BASIS. WALK-IN INTERVIEW ON 23/01/2017**

वीटीएस GoK (कच्छ की खाड़ी) कांडला, गुजरात के लिए **"संविदा आधार"** पर 2 **वीटीएस सुपरवाइज़र्स** पद के लिए भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड में अवसर उपलब्ध हैं. योग्यताओं / अनुभव और सेवा शर्तों की विस्तृत जानकारी एससीआई वेबसाइट लिंक **www.shipindia.com→careers→shore** पर देखी जा सकती है.

The Shipping Corporation of India Limited has opportunities for the post of **2 VTS Supervisors** on **"contract basis"** for VTS GoK (Gulf of Kachchh) Kandla, Gujarat. Details regarding qualifications / experience and service conditions can be viewed on SCI's website link **www.shipindia.com→careers→shore**

कार्गो मंजिल तक पहुँचाए. जीवन को राह दिखाए **TRANSPORTING GOODS. TRANSFORMING LIVES.**

**ARMIET**
**ALAMURI RATNAMALA INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY**
(Run by Koti Vidya Charitable Trust)
A.S. Rao Nagar, Vill. Sapgaon, Tal. Shahapur, Dist. Thane, Pin: 421 601 Tel.: 0257- 212221/22 Tel. Fax : 022-40244310
Email : lsb@armiet.com, Website : www.armiet.in (UNAIDED MINORITY)

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING TEACHING POSTS FOR THE ACADEMIC YEAR 2016-17**

| Sr. No. | Cadre | Subjects | Total No. of Posts | Posts Reserved for |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Professor | MMS | 1 | 01 Open |
| 2 | Associate Professor | MMS | 3 | 03 Open |
| 3 | Assistant Professor | MMS | 09 | 09 Open |

The above post are open to all. However candidates from any category can apply for the post. Reservation for women and disabled persons will be as per rules. Candidates having knowledge of Marathi will be preferred.

The qualifications and pay scale for the above post are as prescribed by the University of Mumbai, AICTE & DTE from time to time as per Circular No. Concol/ICC/04 of 2012 dated 10th February 2012

Applicants who are already employed must send their application through proper channel. Applicant should account for breaks, if any in their academic career / year. The details of the qualifications, pay scale and allowance will be supplied on request from applicant.

Applications with full details should reach the HON. CHAIRMAN, ALAMURI RATNAMALA INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY, Run by Koti Vidya Charitable Trust, at **106,Vardhaman Indl. Estate, Near Navneet Motors, Gokul Nagar, Thane – (W). Tel No. 022-40244310,** within 15 days from the date of publication of this advertisement.

This is university approved advertisement.
Sd/-
CHAIRMAN